दिनांक : 05.01.2025 समय : 07.10 pm

आकाशवाणी भोपाल

**मुख्य समाचार –**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज दिल्ली में 12 हजार करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन में रन फॉर गुड हेल्थ मैराथन को दिखाई हरी झंडी।
- केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि एचएमपी वायरस पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।
- अगले दो दिनों में प्रदेश में तेज ठंड के आसार।

**प्रधानमंत्री–दिल्ली परियोजनाएं**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज दिल्ली में बारह हजार दो सौ करोड़ रुपये से अधिक लागत की कईं विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाना और यात्रा सुगमता सुनिश्चित करना है। प्रधानमंत्री ने साहिबाबाद आर.आर.टी.एस स्टेशन से न्यू अशोक नगर आर.आर.टी.एस. स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में यात्रा भी की।

इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को भारत सरकार से एक महत्वपूर्ण उपहार मिला है। उन्होंने कहा कि यह नमो भारत ट्रेन विकसित भारत के शहरों में सार्वजनिक परिवहन के भविष्य को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार के दस वर्षो के कार्यकाल के दौरान भारत, दुनिया के तीसरे सबसे बडे मैट्रो नेटवर्क वाला देश बन गया है। श्री मोदी ने कहा कि आधुनिक बुनियादी ढांचा गरीबों और मध्यम वर्ग सहित सभी के लिए गरिमामय तथा गुणवत्तापूर्ण जीवन सुनिश्चित करने में सहायता कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने आज रोहिणी में केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान के लिए नये आधुनिक भवन की आधारशिला भी रखी। इस पर लगभग एक सौ 85 करोड़ रुपये की

लागत आयेगी। यह संस्थान, आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं और चिकित्सा ढांचा उपलब्ध कराएगा।

**सीएम उज्जैन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सुबह भ्रमण अवश्य करें, योग करें, स्वस्थ जीवन ही सबसे बड़ा सुख है।

डॉ. यादव ने आज उज्जैन में आयोजित 'रन फॉर गुड हेल्थ' मैराथन और राहगीरी आनंद उत्सव कार्यक्रम में यह बात कही। इस अवसर पर डॉ. यादव ने कहा कि उत्सव में उपस्थित नागरिकों का जोश, स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता एवं कला, संस्कृति संबंधी जैसी विभिन्न गतिविधियों में उनकी रुचि देखकर संतोष और आनंद की अनुभूति हुई है। निश्चित ही इन कार्यक्रमों से जुड़े नागरिक आगे चलकर ऐसे मध्यप्रदेश के निर्माण के ध्येय प्राप्ति में सहभागी होंगे, जो भारत की उन्नति, विकास और समृद्धि का नया अध्याय सिद्ध होगा।

वहीं मुख्यमंत्री ने आज विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत व्यावसायिक पाठ्यक्रम 'डेयरी टेक्नोलॉजी' के संदर्भ में आयोजित संगोष्ठी में भाग लिया।

**धनखड– एनसीसी**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने कहा है कि कोई भी देश तब तक आगे नहीं बढ सकता, जब तक कि उसके नागरिक राष्ट्रवाद के प्रति पूरी तरह समीर्पित न हों। दिल्ली में एन सी सी गणतंत्र दिवस शिविर 2025 में श्री धनखड ने कहा कि भारत के विकास के लिए राष्ट्रगवाद, संगठन और राष्ट्र प्रथम दृष्टिकोण की आवश्यकता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश का बदलाव पांच बुनियादी सिद्धांतों– सामाजिक सौहार्द, जमीनी स्तगर पर देशभक्ति के मूल्यों की सीख देने, पर्यावरण संबंधी जागरूकता, आत्मनिर्भरता और नागरिक कर्तव्यों पर निर्भर है। युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक युवा में प्रदान किये गए अवसरों का सही इस्तेमाल करने की क्षमता है। श्री धनखड ने एन सी सी के योगदान का उल्लेंख करते हुए कहा कि एन सी सी को अनुशासित वर्ग

के विकास के लिए रास्तात दिखाना चाहिए।

**कुमारस्वामी – पीएलआई**

केंद्रीय इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी कल नई दिल्ली के विज्ञान भवन में इस्पात उद्योग के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना यानी पीएलआई योजना 1.1 का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान वे योजना के लिए आवेदन भी आमंत्रित करेंगे। इस्पात मंत्रालय ने बताया है कि इस योजना से 27 हजार करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ है और 14 हजार से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिला है।

**सरकार एचएमपी वायरस**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि वह पिछले कुछ हफ्तों में चीन में फैले एचएमपी वायरस पर कड़ी निगरानी रख रहा है। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद – आईसीएमआर एचएमपी वायरस के परीक्षण के लिए प्रयोगशालाओं की संख्या में वृद्धि करेगी और समूचे वर्ष के दौरान इस वायरस की प्रवृत्तियों पर निगरानी सुनिश्चित करेगी।

मंत्रालय ने इस मुद्दे पर विचार करने के लिए नई दिल्ली में स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशक की अध्यक्षता में संयुक्त निगरानी समूह की बैठक में स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशक डॉ. अतुल गोयल ने लोगों को आश्वस्त किया है कि वर्तमान स्थिति में घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है और लोगों को सामान्य सावधानियां बरतने की आवश्यकता है।

**मौसम**

प्रदेश में तेज ठंड का एक और दौर 7 जनवरी से शुरू होगा। प्रदेश के उत्तर–पश्चिमी हिस्से में एक सिस्टम एक्टिव हुआ है, जिसका असर दो दिन बाद दिखेगा। मौसम विभाग के मुताबिक वेस्टर्न डिस्टरबेंस की एक्टिविटी से उत्तर से बर्फीली हवाएं चलेंगी ये ठंड का असर बढ़ाएंगी। जिससे दिन–रात दोनों के तापमान में गिरावट होगी। विभाग के अनुसार आज ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, छतरपुर, सतना, रीवा, मऊगंज और सिंगरौली में कोहरा रहेगा। नीमच, मंदसौर, गुना, अशोकनगर, मैहर,

शिवपुरी, निवाड़ी, टीकमगढ़ और सीधी में मध्यम कोहरा रहने का अनुमान है।

## क्रिकेट

सिडनी में ऑस्ट्रेलिया ने पांचवें और अंतिम क्रिकेट टैस्ट मैच में भारत को छह विकेट से हराकर बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी तीन–एक से जीत ली है। आज तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने जीत के लिए 162 रन का लक्ष्य चार विकेट खोकर हासिल कर लिया।

इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया की टीम आई सी सी विश्व टैस्ट चैम्पियनशिप 2023–2025 के लिए क्वालिफाई कर गई है। फाइनल में, इस वर्ष जून में, ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा।

## राष्ट्रीय–शूटिंग चैम्पियनशिप

भारतीय सेना के वरुण तोमर नई दिल्ली के डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में 67वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप 2024 के पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल का फाइनल जीतकर राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियन बन गए हैं। प्रद्युम्न सिंह ने सिल्वर जीता है, जबकि आकाश भारद्वाज ने कांस्य पदक जीता है। इसके साथ ही वरुण तोमर ने पुरुषों की जूनियन 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा भी जीती है और उनके साथी प्रद्युम्न सिंह ने कांस्य जीता है।

## समाचार संक्षेप

- गुना कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देशन में आज जिले के 4 अलग–अलग स्थानों पर अवैध उत्खनन पर सख्त कार्यवाही की गई। कलेक्टर ने लोगों से अवैध उत्खनन की सूचना को प्रशासन तक पहुंचाने की अपील भी की।
- खण्डवा में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 अंतर्गत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कल किया जाएगा।
- बीजेपी विधायक रमाकांत भार्गव अपनी उप चुनाव में जीत के बाद आभार व्यक्त करने बुधनी के तीन आदिवासी बाहुल्य गांव में आभार प्रकट करने पहुंचे। उन्होंने ग्राम मोगरा खेड़ा में नवनिर्मित स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन भी किया।

- देवास जिले को शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य के लिए 'नेक्सस ऑफ गुड' अवार्ड मिला है। यह अवार्ड जिले के शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क संचालित "कोडिंग फ़ॉर एव्हरीवन" अभियान के लिए दिया गया है।
- छतरपुर जिले में मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत आमजन को शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिले में अभी तक 800 से ज्यादा शिविर आयोजित किए गए हैं।
- आगरमालवा में आयोजित हुई जिला टीबी फोरम की बैठक में निर्देश जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

------------------